आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–27 मार्च 2026 सान्ध्य समाचार

केन्द्र सरकार ने घरेलू खपत के लिए पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में दस रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि यह निर्णय पश्चिम एशिया संकट के बीच लिया गया है। उन्होंने कहा कि डीजल के निर्यात पर इक्कीस रुपये पचास पैसे प्रति लीटर और विमानन ईंधन पर उन्तीस रुपये पचास पैसे प्रति लीटर शुल्क लगाया गया है। वहीं, वित्त मंत्री ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि पेट्रोल, डीजल और विमानन टरबाइन ईंधन–एटीएफ की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि वैश्विक स्थिति के कारण पेट्रोल, डीजल और एटीएफ की कीमतों में वृद्धि नहीं होनी चाहिए।

आज इस निर्णय के कारण सप्लाई कमी नहीं होगा। जनता को डीजल भी पेट्रोल भी क्रूड भी मिलेगा और एटीएफ बहुत इम्पोटेंट है भारत देश का एयरक्रॉफ्ट और हमारे कम्पनियों को एक एटीएफ मिलना आवश्यक है। मान्य प्रधानमंत्री जी ने इमर्जेंसी में एक मीटिंग बुलाई और इस विषयों के ऊपर चर्चा गोष्ठी करके तुरंत निर्णय किया।

वित्त मंत्री ने लॉकडाउन की अफवाहों को निराधार बताते हुए लोगों को आश्वस्त किया कि कोविड महामारी के दौरान लागू किए गए लॉकडाउन जैसा कोई लॉकडाउन नहीं होगा।

****

केन्द्र सरकार ने राज्यों के लिए वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन को बढ़ाकर 70 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। इसमें से 20 प्रतिशत आवंटन इस्पात, ऑटोमोबाइल, कपड़ा और अन्य श्रम प्रधान उद्योगों को दिया जाएगा। एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह घोषणा करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि इसका उद्देश्य वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति को सुगम बनाना है। उन्होंने कहा कि उन उद्योगों को प्राथमिकता दी जाएगी जहां पाइपलाइन गैस विकल्प नहीं है।

****

रामनवमी का त्योहार आज प्रदेश भर में श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु श्रीराम का सूर्य तिलक किया गया। एक रिपोर्ट–

रामनवमी के उत्सव के लिए दस लाख से ज्यादा श्रद्धालू प्रभू राम की नगरी अयोध्या मे मौजूद है। लोग सरयू नदी और राम की पौड़ी में स्नान कर रहें हैं। भय प्रकट कृपाल दीनदयाला, कौशल्या हितकारी जैसे भजनों की धून पर पूरी अयोध्या गूंजायमान है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में सुबह भगवान राम के अभिषेक के बाद ठीक दोपहर बारह बजे गर्भग्रह मे सूर्य तिलक हुआ। इसके बाद छप्पन भोग प्रसाद चढाए गए और प्रभू की आरती हुई। मंदिर आज देर रात तक दर्शन के लिए खुला रहेगा। सुशील चंद्र तिवारी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।

रामनवमी के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान श्रीराम की पूजा–अर्चना की और अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में हुए श्रीरामलला के सूर्य तिलक समारोह के प्रसारण को भी देखा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनवमी के अवसर पर विधि–विधान से भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया। एक रिपोर्ट–

मुख्यमंत्री ने प्रभु श्रीराम की आरती उतारी और बाल स्वरूप श्रीरामलला को पालने में झुलाकर लोक मंगल की प्रार्थना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि प्रदेश में बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। पिछले ग्यारह वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश के भीतर छः करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर आये हैं और उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिला है। गोरखपुर से गिरीश नारायण चौबे की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

इस बीच, चैत्र नवरात्र के नौवें दिन आज मां दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। प्रदेश के सभी शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आज गोरखनाथ मंदिर में विधि–विधान से पूजा–अर्चना की। उन्होंने पारम्परिक कन्या पूजन भी किया।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की उन्तीस तारीख को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। उनके इस लोकप्रिय कार्यक्रम की इस एक सौ बत्तीसवीं कड़ी का प्रसारण सुबह ग्यारह बजे से किया जाएगा।

****

प्रदेश के लखनऊ, कानपुर और सीतापुर सहित कई अन्य जिलों में आज मौसम का मिजाज बदल गया। राज्य के कई हिस्सों में दिन में अचानक आसमान में बादल छा जाने और रुक रुक कर हल्की वर्षा होने से लोगों को फिलहाल तेज धूप से राहत मिली है। गोरखपुर और इसके आसपास के जिलों में भी आसमान में बादल छाए हुए हैं और कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा भी हुई। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में आज गरज चमक के साथ वर्षा होने की संभावना व्यक्त की है।

****